॥ मेरे राम ॥

# श्री राम

# ॥ मंत्र ॥



# सफलता और धन को आकर्षित करने का राम मंत्र

**ॐ क्लीं नमो भगवते रामचन्द्राय**
**सकलजन वश्यकराय स्वाहः ।।**



## ।। अर्थ ।।

इस मंत्र में क्लीं बीज ध्वनि है।
यह ध्वनि जापकर्ता के जीवन में सफलता और खुशी को आकर्षित करता है।
यह मंत्र भगवान राम की एक करिश्माई देवता के रूप में प्रशंसा करता है, जो ब्रह्मांड में शांति और सद्भाव को बढ़ावा दे सकता है।

# राम मंत्र

**रामाय रामभद्राय रामचन्द्राय वेधसे,**
**रघुनाथाय नाथाय सीतायाः पतये नमः ।।**



## ।। अर्थ ।।

यह मंत्र भगवान श्री राम के कई नामों को संबोधित करता है। यह रघुकुल के वंशज राम की स्तुति है। यह उन्हें माता सीता का पति और सबसे सम्मानित व्यक्ति कहता है, जो दुख को समाप्त कर सकता है और खुशी को बढ़ावा दे सकता है।

# श्री राम गायत्री मंत्र

## ॐ दाशरथये विद्महे सीतावल्लभाय धीमहि,
## तन्नो राम प्रचोदयात् ॥



## ।। अर्थ ।।

किसी भी अन्य गायत्री मंत्रों की तरह,
राम गायत्री मंत्र सुरक्षा प्रदान करता है। यह मंत्र
भगवान राम को दशरथ के पुत्र और
माता सीता के पति के रूप में संबोधित करता है।
इस मंत्र के द्वारा जातक अपनी विचार
की स्पष्टता और सही निर्णय लेने की शक्ति में
वृद्धि की प्रार्थना करता है।

# कोदण्ड राम मंत्र

## श्री राम जय राम कोदण्ड



## ।। अर्थ ।।

कोदण्ड उस धनुष का नाम है, जिसे राम ने राक्षसों और बुरी ताकतों को हराने के लिए अपने हाथों में रखा था। यह मंत्र कहता है कि कोदण्ड धारण करने वाले भगवान राम की जीत हो। राम-कोदंड की जोड़ी अजेयता और अंतिम जीत का प्रतीक है। इस मंत्र का जाप करने से सभी भय दूर हो जाते हैं। साथ ही सद्भाव और सफलता को बढ़ावा मिलता है।

# जयम मंत्र

**श्री राम जयम।।**



## ।। अर्थ ।।

इस मंत्र का शाब्दिक अर्थ है 'भगवान राम की विजय'। यह एक बहुत लोकप्रिय मंत्र है, जिसका व्यापक रूप से सामूहिक जाप के लिए उपयोग किया जाता है।
यह मंत्र आत्मविश्वास बढ़ाता है।
यह मंत्र शांति और सद्भाव को भी बढ़ावा देता है।

# ह्रीं मंत्र

## ह्रीं राम ह्रीं राम ।।



## ।। अर्थ ।।

यह एक और सरल मंत्र है,
जिसका उपयोग आध्यात्मिक राह पर
पर्याप्त मार्गदर्शन की चाह में किया जा सकता है।
यह मंत्र आध्यात्मिक तौर पर
जागरूक होने में मदद करता है।

# राम क्लीं मंत्र

## क्लीं राम क्लीं राम ।।



## ।। अर्थ ।।

इस राम मंत्र का प्रयोग अनिष्ट शक्तियों से रक्षा के लिए किया जाता है। ये शक्तियां काला जादू, नकारात्मक मानसिकता, अदृश्य शक्तियां आदि हो सकती हैं। इसके साथ ही अन्य लोगों के नकारात्मक विचार और भावनाएं, अवसादग्रस्त मनोदशा, दृष्टिकोण और कार्य जो हमारी ऊर्जा को क्षति पहुंचाते हैं, उनसे भी यह मंत्र हमारी रक्षा करता है।

# फट् मंत्र

**फट् राम फट् ।।**



## ।। अर्थ ।।

अगर आप ऐसी आंतरिक शांति की तलाश कर रहे हैं, जो आपके व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाए। ऐसे में आप इस मंत्र का उपयोग कर सकते हैं। यह मंत्र आपको काफी लाभ पहुंचाएगा। यह सरल राम मंत्र आपकी आंतर्रात्मा को सामंजस्य बैठाने में मदद करता है, जिससे आप एक निष्ठावान व्यक्ति के रूप में उभरते हैं। यह मंत्र आपके जीवन में विचार, शब्द और कर्म की स्पष्टता भी लाता है। जप करने वाला धर्म के पथ पर चलने के लिए प्रेरित होता है।

# रामाय मंत्र

## रामाय नमः ।।



## ।। अर्थ ।।

इस सरल मंत्र का उद्देश्य उपासक की जिंदगी में स्पष्टता लाना है। यह मंत्र विशेष रूप से मन और वचन को पवित्र करता है। इस मंत्र का मूल कार्य मन से अशुद्ध विचारों को दूर करना है। यह मंत्र नकारात्मक, विचलित करने वाले या विनाशकारी विचारों को दूर करता है। जातक को आंतरिक शांति और आध्यात्मिकता की भावना प्राप्त करने में मदद करता है।

# रामचन्द्राय मंत्र

## श्री रामचन्द्राय नमः ।।



## ।। अर्थ ।।

चंद्र देव के साथ श्री राम को समर्पित
यह मंत्र जातक को ध्यान अवस्था में
बैठने के लिए तैयार करता है।
इस मंत्र के ध्वनि स्पंदनों की मदद से मन के
विभिन्न रूप खुद को पुनर्व्यवस्थित करते हैं।

# शरणं मंत्र

## श्री राम शरणं मम् ।।



## ।। अर्थ ।।

इस मंत्र के नियमित जाप से जातक को मानसिक
और शारीरिक रूप से मजबूत शक्ति प्राप्त होती है।
यह स्वस्थ रहने में मदद करता है
और मन को खुश रखता है।

Mere Ram- मेरे राम

SCAN AND GET IT ON

Google Play